# प्रदेश में अधिक मेडिकल कॉलेजों की आवश्यकता

## आगरा में यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण करते हुए बोले सीएम योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि जब सरकार, समाज और संस्थाएं मिलकर एक दिशा व सोच के साथ कार्य करती हैं, तो परिणाम कई गुना बेहतर प्राप्त होते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में निजी निवेश आज की आवश्यकता है।

स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक है कि सरकार अपने स्तर पर प्रयास करे तथा निजी क्षेत्र भी अपनी भागीदारी करे। प्रदेश सरकार निजी क्षेत्र द्वारा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना के लिए पालिसी बनाने का जा रही है। प्रदेश के जिन जनपदों में और अधिक मेडिकल कॉलेजों की आवश्यकता है, वहां नये मेडिकल कॉलेज स्थापित करने में राज्य सरकार सहायता कर रही है। मुख्यमंत्री आज जनपद आगरा में यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल के लोकार्पण के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। ज्ञातव्य है कि 250 बेड युक्त मल्टी सुपर स्पेशियलिटी यथार्थ हास्पिटल में व्यापक टर्शियरी केयर सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मरीजों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए इस अस्पताल में अत्याधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी, माडड्ूलर आपरेशन थिएटर, रोबोटिक सर्जरी, उन्नत क्रिटिकल केयर यूनिट्स और इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध हैं। जिससे मरीजों को समय पर और प्रभावी उपचार मिल सकेगा। यथार्थ ग्रुप ने अष्ठ सिद्धि के रूप में आगरा जनपद में यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल की स्थापना की है। जब अष्ठ सिद्धियां होती हैं, तभी नौ निधियां भी प्राप्त होती हैं। यह हॉस्पिटल इस ध्येय को चरितार्थ करेगा। यथार्थ ग्रुप का यह 8वां हास्पिटल है।




कार्यक्रम को संत विजय कौशल महाराज तथा यथार्थ ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर कपिल त्यागी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य, उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय, विधायक श्रीमती रानी पक्षालिका सिंह, जी0एस0 धर्मेश, बाबूलाल, पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, डा. धर्मपाल, भगवान सिंह कुशवाहा, प्रदीप भाटी, छोटेलाल वर्मा, आगरा की महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर कुशवाहा, यथार्थ ग्रुप के चेयरमैन डा. अजय त्यागी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# यूपी के विकास को पं. गोविंद बल्लभ पंत ने अनेक कदम उठाए

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने देश के पूर्व गृह मंत्री व उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भारत मां का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता व सुयोग्य प्रशासक बताया। सीएम ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अपने समय में उत्तर प्रदेश के विकास व सुधार के लिए अनेक कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जन्म वर्तमान उत्तराखंड में हुआ था, उस समय उत्तराखंड संयुक्त प्रांत का हिस्सा था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आ]वान पर वह वकालत छोड़कर स्वाधीनता संग्राम में कूद पड़े थे। जब देश गुलाम था, तब 1937 में उत्तर प्रदेश के प्रीमियर के रूप में उनका चयन हुआ था। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में पं. गोविंद बल्लभ पंत जी का स्मरण सभी करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पंत जी ने विकास की जो आधारशिला रखी और जो विजन प्रस्तुत किया, उसका अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### सचिन वर्मा ने लखीमपुर खीरी का नाम किया रोशन



**लखीमपुर खीरी।** यूपीएससी 2025 में लखीमपुर खीरी के सचिन वर्मा ने शानदार सफलता हासिल करते हुए ऑल इंडिया रैंक 785 प्राप्त की है। सचिन वर्मा, लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर शाखा के पूर्व छात्र हैं और उन्होंने वर्ष 2017 में कक्षा 12 यहीं से उत्तीर्ण की थी। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे लखीमपुर खीरी जिले और विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। विद्यालय के चेयरमैन एवं सांसद डा. एसपी सिंह,पूर्व एमएलसी श्रीमती कांति सिंह तथा प्रबंध निदेशक सुशील सिंह ने प्रधानाचार्य विजय सचदेवा के माध्यम से सचिन को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिन वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता रमादेवी, पिता जगदीश वर्मा और अपने सभी गुरुजनों को दिया।, सचिन वर्मा की सफलता लखीमपुर खीरी जिले के युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत साबित होगी।

### कर्मचारी संयुक्त परिषद ने अमित घोष से की मुलाकात

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमण्डल अमित कुमार घोष अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, षिक्षा एवं परिवार कल्याण से उनके कार्यालय में भेंट की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 का प्रतिनिधिमण्डल वी0पी0 मिश्र, अध्यक्ष कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में अमित कुमार घोष अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा से सचिवालय में भेंट कर उन्हें होली पर बधाई दी। प्रति. निधिमण्डल में सुरेश कुमार रावत, अध्यक्ष एवं महामंत्री अतुल मिश्र, प्रणय सिंह, मंत्री प्रोवेन्शियल फिजियोथेरेपिस्ट एसो. केजीएमयू उपस्थित थे।

### ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन की बैठक आज दून में

**लखनऊ।** आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज देहरादून में हो रही है। यह जानकारी देते हुए फेडरेशन के चेयरमैन श्री शैलेन्द्र दुबे और सेक्रेटरी जनरल पी. रत्नाकर राव ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संसद के बजट सत्र में लाए जा रहे इलेक्ट्रिसिटी द्धअमेंडमेंटऋ बिल 2025 तथा देश और राज्यों में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को संसद में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पेश किए जाने की खबर से पूरे देश के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों में भारी आक्रोश है। देहरादून में आयोजित हो रही फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में इस विषय पर व्यापक चर्चा होगी और आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# गोष्ठी में महिलाओं को पुरुषों के समान मताधिकार देने पर जोर



**प्रयागराज।** क्लारा जेटिकिन दुनियां में महिलाओं के सामाजिक न्याय और भागीदारी की पहल सबसे पहले की। उक्त बातें अनु सिंह संयोजक भारत न्याय अभियान सह वरिष्ठ अधिवक्ता एक्टिविस्ट इलाहाबाद प्रयागराज ने आज कचेहरी अर्जुन रावत चौपाल पर मुख्यवक्ता महिला अधिवक्ताओं की गोष्ठी में कही।

उन्होंने कहा उन्नीस सौ ग्यारह में पहला सौ महिलाओं का प्रतिनिधि सम्मेलन जर्मनी में हुआ। सम्मेलन में महिलाओं को पुरुषों के समान मताधिकार देने, शारीरिक अपंग लोगों की कदर एवम सामाजिक न्याय तीन प्रमुख मुद्दों पर प्रस्ताव पारित हुआ। गोष्ठी में अध्यक्षीय बात रखते हुए नीतू चौधरी (अधिवक्ता) ने कहा भारत को भारतीयता बने। इसके लिए महिला पुरुष के समान भागीदारी हो। भागीदारी समान अवसर के वास्ते। जाति भाषा लिंग क्षेत्र के आधार भेदभाव मौजूद है।उसके हल के लिए भारत सरकार कानून बनाए। जिससे बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे की संवेदना की पहल सार्थक होगी। सभी मौजूद महिला अधिवक्ताओं ने क्लारा जेटिकिन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। अर्जुन रावत नेता जी सभी युवा अधिवक्ताओं की इस पहल का उत्साहवर्धन कर स्वागत किया। बोलने वालों में प्रमुख रूप से अंजू निषाद अधिवक्ता,शोभा सुदर्शन अधिवक्ता,नीतू चौधरी अधिवक्ता, सुमन अधिवक्ता,मनीषा निषाद(एडवोकेट),अर्जुन रावत नेता जी , कमलेश कुमार (अधिवक्ता) आदि थे।

# समयबद्धता से निस्तारित हों शिकायतें:डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मेजा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर तहसील में पोषण अभियान के अन्तर्गत 4 महिलाओं-सविता देवी, रचना कुमारी, कविता कुमारी, अंजली की गोदभराई एवं 3 बच्चों-दिव्यांशी, वेदांश एवं अर्पिता का अन्नप्राशन भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं को लगाये जाने वाले टीको के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं को सुनते हुए राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरण की जमीनी स्तर पर जांच कर शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने एवं प्रार्थनापत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण में विलम्ब होने पर सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील मेजा में कुल 209 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग से सम्बंधित 70, विकास विभाग की 15, पुलिस विभाग 43, समाज कल्याण विभाग-03 व अन्य विभागों से सम्बंधित 78 थी, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

इस अवसर पर अपर जिला. धिकारी (प्रशासन) श्रीमती पूजा मिश्रा, उपजिलाधिकारी मेजा श्री सुरेन्द्र कुमार, परियोजना निदेशक श्री भूपेन्द्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री जी0पी0 कुशवाहा, जिला पंचायतराज अधिकारी श्री रविशंकर द्विवेदी, जिलापूर्ति अधिकारी श्री सुनील कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# फार्मेसी शिक्षा के जनक श्राफ को याद किया

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस (फार्मा अन्वेषण) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन डिपार्टमेंट आफ फार्मेसी एवं स्कूल आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रो. एम. एल. श्राफ के योगदान को स्मरण करना तथा स्वास्थ्य सेवाओं और अनुसंधान में फार्मासिस्ट की बदलती भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत फैकल्टी आफ फार्मेसी के डीन प्रो. सैयद मिस्बाहुल हसन के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने मुख्य अतिथियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए प्रो. एम.एल. श्राफ के योगदान तथा भारत में फार्मेसी शिक्षा के विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आईएचपीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरए गुप्ता तथा चीफ फार्मासिस्ट एवं पूर्व चेयरमैन, स्टेट फार्मेसी काउंसिल सुनील कुमार यादव उपस्थित रहे। आर. ए. गुप्ता ने दवाओं के सुरक्षित निस्तारण (डिस्पोज़ल), सरकारी संस्थानों में फार्मासिस्ट के रिक्त पदों तथा विद्यार्थियों को नेशनल फार्मुलरी आफ इंडिया और इंडियन फार्माकोपिया का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं सुनील कुमार यादव ने भारत और विदेशों में फार्मासिस्ट की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के आयोजन में सह-संयोजक प्रो. तारिक महमूद, प्रो. कुलदीप सिंह तथा डा. इरफान अज़ीज़, प्रिंसिपल, स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में डिपार्टमेंट आफ फार्मेसी के विभागाध्यक्ष प्रो. जुबेर अख्तर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और अतिथियों, आयोजकों, संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।



### सही मीटर के स्थान पर नया स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**लखनऊ।** मानस विहार शरीपुरा के देवेन्द्र कुमार पाण्डेय नें बताया कि लखनऊ के मध्य जोन के न्यू राजाजीपुरम विद्युत उपकेन्द्र के अन्तर्गत आने वाले सरीपुरा मानस विहार आलमनगर रोड लखनऊ कालोनी में पहले से लगे सही व चलते स्मार्ट मीटर के स्थान पर उपभोक्ताओं के पुराने केबिल पर नया स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा था। जिसका उपभोक्ताओं द्वारा विरोध किया गया और यह मांग किया गया कि पुराने केबिल के स्थान पर आर्मेड केबिल लगाकर मीटर लगाया जए, जिस पर कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा कहा गया कि बिजली विभाग द्वारा आर्मेड केबिल नहीं दिया गया है ।

# मलिहाबाद पहुंचकर डीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिला अधिक. ारी विशाख जी मलिहाबाद तहसील पहुंचे और जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया।

अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। मलिहाबाद तहसील में शनिवार को श्सम्पूर्ण समाधान दिवसश का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी विशाख जी ने स्वयं उपस्थित होकर जनसमस्याएं सुनीं। यह आयोजन जनपद में जनसमस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पिछले तहसील दिवसों में प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण की गुणवत्ता जांचने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभाग शिकायतकर्ताओं को सीधे काल करके निस्तारण का सत्यापन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जोर दिया कि केवल कागजी कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, जब तक शिकायतकर्ता संतुष्ट न हो, उसे पूर्ण निस्तारण नहीं माना जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को दिवस में आए नए प्रकरणों का भी तत्काल और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया।

# 15 मार्च पीडीए दिवस के रूप में मनेगा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। बैठक का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 15 मार्च को ''बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस'' के रूप में जिला कार्यालय पर मनाया जायेगा। एसआईआर प्रक्रिया के अन्तर्गत जिन मतदाताओं को नोटिस प्राप्त हुई है । 27 मार्च तक उनके दस्तावेज उपलब्ध कराकर उनका वोट सुरक्षित करने के निर्देश दिये। साथ ही आगामी स्नातक एम0एल0सी0 चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10-10 मतदाताओं को जोड़ने के भी निर्देष दिये।साथ ही पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लगभग एक दर्जन नेताओं का जिला कार्यालय पर फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व स्नातक एमएलसी कान्ती सिंह, पूर्व मंत्री रामसिंह राणा, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, दिनेश कुमार सिंह, चौधरी ज्ञान सिंह, ई0 संदीप यादव, रामकिशोर रावत, वीर बहादुर सिंह, महेश सिंह लोधी, पूर्व विधानसभा प्रत्याषी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह, बचान सिंह यादव, अनिल पासी, इब्राहीम मंसूरी, बृजकिशोर मिश्रा, ललिता राजपूत, वीरेन्द्र यादव, वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव, यशवीर लोधी, धीरज यादव, हरिपाल यादव और अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### रोजा इफ्तार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**उन्नाव।** शहर के कुंदन रोड स्थित ओरिएंटल पैलेस में डाक्टर मोहम्मद मुशीर खान द्वारा रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया । जिसमें शहर के सैकड़ों रोज़ेदारों ने शिरकत कर अल्लाह की बारगाह में अपने मुल्क की सलामती और अमनो चौन की दुआ की ।रोजा इफ्तार के बाद नमाज़ का भी एहतमाम किया गया। , नमाज मौलाना अनवर कादरी ने पढ़ाई और बयान मौलाना नईम साहब ने किया । मौलाना फैज़ हसन सफवी सैयद मोहम्मद अहमद अशर्फी , मोहम्मद इस्माइल ,मोहम्मद अहमद. हाजी शाहनवाज़ डाक्टर इरशाद ,जावेद आलम, अबरार अहमद, समाज सेवी उपस्थित थे।

### एसडीएम ने वृद्धाश्रम में किए फल वितरित

**उन्नाव/ फतेहपुर चौरासी।** उपजिलाधिकारी सफीपुर ने जिला अधिकारी की तरफ से वृद्धाश्रम पहुंच वृद्ध जनों से होली खेल फल वितरित किए। उप जिलाधिकारी ने आश्रम की साफ सफाई एवं वृद्ध जनों को मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम तकिया निगोही स्थित वृद्धाश्रम में होली के अवसर पर शनिवार को उप जिलाधिकारी सफीपुर शिवेन्द्र वर्मा ने जिलाधिकारी गौरांग राठी की तरफ से आश्रम पहुंचकर सभी वृद्धजनों को गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# युद्ध से नहीं हो सकता किसी का भला: नीलम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/ बांदा।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देशानुसार और प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति से पी डी ए जनसभा का आयोजन अविरल गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। लगातार कार्यक्रम का बिगुल फूंक रही समाजवादी पार्टी की नेता और महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव नीलम गुप्ता जनपद बांदा में अभियान युद्धगति से कर रही है उसी परिप्रेक्ष्य में सिकलोढ़ी गांव में भव्य जनसभा का आयोजन किया गया।उसमें मुख्य अतिथि बांदा चित्रकूट सांसद कृष्ण देवी पटेल विशिष्ठ अतिथि पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल विशिष्ट अतिथि महेंद्र वर्मा, विशिष्ठ अतिथि किरण वर्मा , विशिष्ठ अतिथि मधुसूदन कुशवाहा और समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आत्माराम यादव जी रहे । बतौर मुख्य अतिथि सांसद ने पीडीए को जन जन पहुंचने की अपील की । कार्यक्रम की बागडोर संभाले नीलम ने कहा इस गांव से हमारा बचपन का नाता है यहां हमने ककहरा सीखा है वो भावविभोर भी हो गई उन्होंने अपने संबोधन में कहा आज आम जनमानस को आगे बढ़ने की जरूरत है आज भारत की सत्ता अमेरिका के हाथों में है वहां से जो हुक्म आता है उसी का पालन भारत को करना पड़ रहा है, ईरान जैसा भारत का मित्र जिसने हमेशा से सच्चे मित्र का फ़र्ज़ निभाया आज बेबस निगाहों से भारत की तरफ देख रहा है। उन्होंने कहा युद्धनीति के हम हमेशा से विरोधी रहें है उससे किसी का भला नही हो सकता आज भाजपा ने किसानों, नौजवानों, गरीबों को दो राहे पर खड़ा कर दिया है नीलम ने आव्हान किया समाजवादी पार्टी को मजबूत करे और अखिलेश यादव भईया को मुख्यमंत्री बनाएं जिससे सभी का भला होगा । समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आत्माराम यादव ने कहा कि आज अखिलेश यादव के पद चिन्हों में चलने की आवश्यकता है जिन्होंने इंफास्टेक्चयर में अपना अहम योगदान दिया है कार्यक्रम में उपस्थित सेक्टर प्रभारी चंद्रकेश यादव जोन प्रभारी रामसागर यादव बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में गांव के लोगों के साथ कार्यकर्ता गण नेता गण उपस्थित रहे।



### वर्मा और पैंथर की धमाकेदार प्रस्तुतियों से गूंजा मंच

लखनऊ। आयोजन की शुरुआत एमटीवी हसल फेम रैप सनसनी पैंथर के धमाकेदार परफार्मेंस से हुई। अपनी तीखी और प्रभावशाली रैप शैली तथा दमदार मंच प्रस्तुति के लिए प्रसिद्ध पैंथर ने आते ही माहौल को जोश से भर दिया। उनके लोकप्रिय गीत यू.पी. से और योगा साग पर छात्रों ने जमकर तालियां बजाई और साथ-साथ गुनगुनाया। पूरे परिसर में ऊर्जा की लहर दौड़ गई, जिसने आगे होने वाली संगीतमय शाम के लिए शानदार माहौल तैयार कर दिया।इसके बाद दर्शकों ने पंजाबी संगीत जगत के प्रसिद्ध गायक परमीश वर्मा का जोरदार स्वागत किया। परमीश वर्मा ने सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**सूचना**

प्रयागराज (इलाहाबाद) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

(प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 9415351850

कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर (नवादा), प्रयागराज

email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# केवाईसी के बहाने बुलाकर मैनेजर से मोबाइल लूटा

## पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** केवाईसी के बहाने बुलाकर एक निजी नेटवर्क कंपनी के स्टोर मैनेजर से मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। बाइक सवार दो युवक वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

मुरादाबाद जिले के गांव तेलीपुरा खालसा निवासी आकाश दीप क्षेत्र में उमरी चौराहे पर एक निजी नेटवर्क कंपनी के स्टोर पर मैनेजर है। एफआईआर के मुताबिक शुक्रवार सुबह गांव मिलक कैलबकरी निवासी अंकुश कुमार उनके स्टोर पर आया और वाई-फाई की जानकारी लेने के बाद मोबाइल नंबर लेकर चला गया। कुछ देर बाद उसने फोन किया है केवाईसी के लिए आकाश दीप को जमना खास मार्ग पर बुला लिया। उस वक्त दोपहर के दो बजे थे। गांव बसेड़ा तगा की ओर जाने वाले टी-प्वाइंट पर केवाईसी कराने के बाद अंकुश वहां से चला गया। आरोप है कि तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवक आकाश दीप का मोबाइल लूट कर फरार हो गए। शोर मचाने पर आस-पास रहने वाले लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से घटना की जानकारी ली बाद में तलाशी अभियान भी चलाया लेकिन बाइक सवार युवकों का कोई सुराग नहीं मिला। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

# बाढ़ में जान गंवाने वालों को 50-50 हजार की मदद

## कांठ विधायक कमाल अख्तर ने परिजनों को सौंपे चैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** उत्तराखंड में आई भीषण बाढ़ में जान गंवाने वाले तीन लोगों के परिजनों को सपा की ओर से 50-50 हजार रूपये के चैक सौंपे गये।

कांठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर तथा नूरपुर विधायक रामोतार सैनी ग्राम रहरा पहुंचे तथा पिछले साल उत्तराखंड में आई भीषण बाढ़ में डूबकर जान गंवाने वाले हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रहरा निवासी प्रीतम केवट, पुष्पेंद्र कश्यप और पंकज सैनी के परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में 50-50 हजार रूपये के चैक सौंपे। इस दौरान विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि ऐसे दुखद समय में समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और आगे भी हर संभव मदद करती रहेगी। वहीं विधायक रामोतार सैनी ने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनने में विश्वास रखती है। सहायता राशि स्वर्गीय प्रीतम केवट के परिवार से माया देवी, स्वर्गीय पुष्पेंद्र कश्यप के परिवार से प्यारे कश्यप तथा स्वर्गीय पंकज सैनी के परिवार से जगवती सैनी को प्रदान की गई। इस दौरान अनुज त्यागी उर्फ गोलू, हरीश कश्यप, गोपी सैनी, छोटे लाल बाल्मीकि, धीरज शर्मा, केसर परवेज, जफरूद्दीन नेता जी, अजय पाल प्रधान, मनोज त्यागी, राममोतार यादव, सोनू अफसर, नीरज, त्यागी सचिन, जसवीर, यामीन, शुभम, खचडू खड़कवंशी, कमलवीर, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।



# युवक की हत्या में शामिल हत्यारोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पति की हत्या में शामिल पत्नी को तो पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था तो वहीं शनिवार को हत्याकांड में शामिल पत्नी के प्रेमी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### पत्नी को बीते दिन ही पुलिस भेज चुकी है जेल



बता दें कि थाना क्षेत्र के गांव दारानगर में 05 मार्च को सुबह करीब पांच बजे महिला कल्लो अपने प्रेमी बबलू पुत्र दिनेश निवासी ग्राम सिकंदराबाद थाना आदमपुर के साथ मिलकर अपने पति ओमपाल(35) की प्लास्टिक की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। घटना को आत्महत्या का रूप दिखाने के लिए दोनों ने ओमपाल के शव को घर में लगे पंखे पर साड़ी का फंदा बनाकर लटका दिया था, हालांकि उनका यह षडयंत्र कुछ देर में ही खुल गया था। मृतक ओमपाल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने कल्लो व उसके प्रेमी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी कल्लो को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था जबकि उसके प्रेमी बबलू को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार करके चालान किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार को ओमपाल की हत्या में वांछित आरोपी बबलू को गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# बकरी के साथ ही उसके तीन बच्चों की भी मौत

## बालिका भी कुत्ते के काटने से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कुत्ते के हमले से घायल बकरी के साथ ही उसके तीन बच्चों की भी मौत हो गई। बालिका भी कुत्तों के काटने से घायल हो गई। क्षेत्र में आवारा खूंखार कुत्तों का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है। हसनपुर के मोहल्ला लालबाग निवासी मरियम पत्नी रियाजुद्दीन की बकरी को खूंखार कुत्ते ने हमला कर जगह-जगह से काट लिया था। बताया जाता है कि कुत्तों का शिकार हुई बकरी के तीन बच्चों ने जब उसका दूध पिया तो उनकी भी अपनी मां के साथ ही मौत हो गई। इसके अलावा तरन्नुम पत्नी बाबू के बकरे को भी कुत्ता ने काट कर घायल कर दिया। साथ ही अलीमुद्दीन की 8 वर्षीय बेटी को भी कुत्तों ने हमला कर उसे भी पूरी तरह से घायल कर दिया। कुत्तों का रेबीज का संक्रमण इतना खतरनाक है कि बकरी का दूध पीने के बाद भी उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। जंगली कुत्तों के घूमने के कारण नागरिकों में डर का माहौल बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से आवारा व खूंखार कुत्तों को पकड़वाये जाने की मांग की है।

# घर में अकेली किशोरी से दुष्कर्म

## लोगों ने युवक को पकड़कर जमकर पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** घर में अकेली किशोरी को मौहल्ले के ही एक युवक ने बुरी नियत से दबोच लिया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर किशोरी के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़ कर लिया तथा उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामला कस्बा जोया के एक मोहल्ले का है। यहां एक कारोबारी का परिवार रहता है। शुक्रवार शाम पांच बजे उनकी लगभग 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। आरोप है तभी मौका पाकर मोहल्ले का रहने वाला अभिषेक घर में घुस आया और गलत हरकतें करते हुए उसने किशोरी के साथ जबरदस्ती शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की और कपड़े भी फाड़ दिए। बाद में उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान भी जब किशोरी ने विरोध किया तो मारपीट कर उसे चुप करा दिया। शोर सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई, खुद को घिरता हुआ पाकर भाग रहे आरोपी अभिषेक को लोगों ने मौके से ही पकड़ लिया। पीड़िता के परिजनों ने पहले उसकी जमकर पिटाई की और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चालान करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# यूजीसी बिल को वापस लेने की मांग

## स्वर्ण परिषद ने पीएम को ज्ञापन भेजा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सवर्ण परिषद ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज कर यूजीसी नियमो को प्रभाव से वापस लेने के साथ ही इसे निरस्त करने की मांग की है।

शनिवार को सवर्ण परिषद ने प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने बताया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा प्रस्तावित ड्राफ्ट रेगुलेशन नये नियम देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में गहरी असमानता और भेदभाव उत्पन्न करने वाले हैं। यह कानून या बिल अपने वर्तमान स्वरूप में एक पक्षीय दृष्टिगत होता है। जिसके कारण विशेष रूप से सामान्य छात्र छात्राओं का शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य बाधित होना परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि यूजीसी द्वारा 2026 में जारी किये गये नये सामान्य नियमों के प्रति अपना विरोध और चिंता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून भेदभाव को जन्म दे सकता है। जिससे अगडी जातियों के छात्रों को और शिक्षकों को लक्षित किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि इसमें झूठी शिकायतों के खिलाफ सुरक्षा का अभाव विनियमों में दुरुपयोग का झूठी शिकायतों को दंडित करने का इसमें कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने यूजीसी नियम को तुरंत वापस लिए जाने की मांग की है। इस दौरान यूजीसी के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की गई। ज्ञापन देने वालों में यतीन्द्र शंकर गौड़, कपिल देव एडवोकेट, राजेंद्र, मधुसूदन शर्मा, हिमांशु, पुनीत अग्रवाल, प्रशांत कुमार, मनोज गोयल, उमेश त्यागी, राजीव चौहान, रवि शंकर शर्मा, मनोज गोयल, रिंकू चौहान, धर्मपाल सिंह, बलवंत कुमार, गिरिराज शर्मा आदि मौजूद थे।

# एक अरब 61 करोड़ से चमकेगी अमरोहा की सूरत

## पालिका बोर्ड की बैठक में लगी मुहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में एक अरब 61 करोड़ 72 लाख 27 हजार 952 रूपये आय का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने भरोसा दिलाया कि शहर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

शनिवार को पालिका सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। जिसमें लेखाकार मौहम्मद अजहर ने एक अरब 61 करोड़, 72 लाख, 27 हजार 952 रूपये के आय का बजट प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष एक अरब 61 करोड़ 65 लाख रूपये की अनुमानित आय होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा शहर को स्वच्छ और क्लीन बनाना है। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि शहर के लोगों ने उन्हें जो जिम्मेदारी लगातार दूसरी बार दी है, वह शहर ही नहीं बल्कि सीमा विस्तार में जो गांव पालिका क्षेत्र में शामिल हुए हैं उनमें भी सड़कों का जाल बिछा रही हैं तथा वहां भी सफाई की विशेष व्यवस्था है। इसके अलावा लाइट का भी वहां खास इंतजाम है। उन्होंने कहा कि सभासदों व जनता का उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है। जिसके दम पर ही वह अमरोहा का चहुंमुखी विकास कराने में सफल हो रही हैं। शहर में कई पार्कों का निर्माण कराया गया। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को कोई परेशानी है तो वह किसी भी समय उनसे इसकी शिकायत कर समस्या का समाधान करा सकता है। उनकी प्राथमिकता अमरोहा को आदर्श पालिका बनाना है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अतुल जैन, सभासद यासिर अंसारी, आमिर आफताब, फहीम शाहनवाज, सरताज आदि मौजूद रहे। इसके बाद पालिका में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि रोजा इफ्तार आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है।



# साइकिल तेज चलाने के विवाद में मारपीट

## तीन भाईयों को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तेज साइकिल चलाने को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति और उसके दो भाइयों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव भवालपुर माफी में तेज साइकिल चलाने को लेकर झगड़ा हो गया। गांव निवासी रुकने आलम के मुताबिक छह मार्च की शाम करीब 7:30 बजे वह घर के बाहर खड़े हुए थे। उसी दौरान गांव के रहने वाले असद अली का बेटा जमशेद तेज साइकिल चलाते हुए वहां से गुजर रहा था। रुकने आलम ने उसे साइकिल कम रफ्तार में चलाने के लिए टोक दिया। आरोप है कि असद अली, जमशेद, इसरत और यूसुफ ने उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट की, रुकने आलम के अलावा बचाव में आए उसके भाई सालिब और शाहरुख को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बलियान आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने को बात कही।

# ससुरालियों पर विवाहिता को पीटने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अमरोहा। विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट और ससुर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता के मुताबिक उसकी शादी 24 मार्च 2025 को क्षेत्र के ही एक गांव में रहने वाले युवक के साथ हुई थी। ससुराल वालों से विवाद के चलते फिलहाल विवाहिता मायके में रह रही है। चार मार्च को वह ससुराल पहुंची तो आरोप है कि ससुर और सास ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर ससुर ने बुरे इरादे से उसका हाथ पकड़कर कमरे में खींचने का प्रयास किया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में आरोपी पति, सास व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

























# घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के जोया कस्बे में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि 6 मार्च की शाम किशोरी घर पर अकेली थी। इसी दौरान मोहल्ले का एक युवक घर में घुस आया और जबरदस्ती की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खम्भे से टकराकर बाइक चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** शनिवार को संभल जनपद के कस्बा गंवा निवासी बाजिद पुत्र छोटेलाल अपनी रिश्तेदारी में हसनपुर गया हुआ था वहां से लौटते समय उसने रास्ते में दारू का सेवन कर लिया जिसके बाद दारू के नशे में धुत्त होकर बाइक से अपने घर गवा लौट रहा था। राहगीरों ने बताया कि वह अपने घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक रहरा थाना क्षेत्र मेंअलीगढ़ मार्ग आदमपुर चौराहा के करीब पहुंचा तो नशे में धुत्त होकर बाइक बिजली के खंभे से टकराई बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वाजिद गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना मिलने पर एंबुलेंस की सहायता से रहरा सीएससी में भर्ती कराया गया।

